>

Title: Need to start construction of Theme Park immediately at Kapilvastu in Siddharth Nagar district of Uttar Pradesh.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने गौतम बुद्ध से जुड़े सभी ऐतिहासिक स्थलों को जोड़ करके सम्यक विकास करने का निर्णय लिया था। इसी कड़ी में 8 सितम्बर, 2011 को पर्यटन मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जनपद के कपिलवस्तु में थीम पार्क बनाने के लिए 3 करोड़ 23 लाख 48 हजार रूपया स्वीकृत किया है। उक्त पैसा उत्तर प्रदेश के राज्य पर्यटन विकास निगम को 18 माह के समय के अंतर्गत थीम पार्क को पूरा करने के निर्देश के साथ दिए गए थे। जबकि छह माह बीत जाने के बावजूद अभी तक थीम पार्क का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। जबकि केन्द्र के पर्यटन मंत्रालय ने कहा था कि यदि छह माह में राज्य पर्यटन विकास निगम थीम पार्क का कार्य प्रारंभ नहीं करेगी तो उसे पैसा वापस करना पड़ेगा। यदि ऐसा होगा तो गौतम बुद्ध के जन्मस्थली से जुड़ी कपिलवस्तु का विकास बाधित हो जायेगा। जबकि केन्द्र सरकार छह माह पूर्व पहली किश्त 2 करोड़ 58 लाख 78 हजार जारी कर चुकी है। उसके सापेक्ष राज्य सरकार को हर तीन माह में प्रगति रिपोर्ट भी भेजने का निर्देश दिया गया था। उत्तर प्रदेश के सचिव, पर्यटन को नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। अतः मैं मांग करता हूं कि केन्द्र सरकार, उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग को दिये गये निर्देशों के अनुसार कपिलवस्तु में थीम पार्क का तत्काल निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।